# बोर्ड परीक्षा पूर्व अभ्यास प्रश्न पत्र 2023

## विषय– विज्ञान X सेट – C

समय 3 घंटा। पूर्णांक 75

---

निर्देश :

1. सभी प्रश्न अनिवार्य है
2. प्रश्न क्रमांक 1से 4 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है।
3. प्रश्न क्रमांक 5 से 22तक आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।
5. जहां आवश्यक हो स्वच्छ एवम् नामांकित चित्र बनाइए।

प्रश्नः1सही विकल्प चुनकर लिखिए–

1. $H_2$का योग तथा $O_2$ का हास किस प्रकार की अभिक्रिया है। 1•8= 8

a)उपचयन अभिक्रिया b)अपचयन अभिक्रिया

c)वियोजन अभिक्रिया d)विस्थापन अभिक्रिया

2.सोने और प्लेटिनम को गलाने वाले अम्ल का नाम क्या है ?

a) सान्द्र नाइट्रिक अम्ल b)सान्द्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल

c) एक्वारेजिया d) इनमें से कोई नहीं

3.निम्नलिखित में से कौनसी मिश्र धातु में पारद अवयव होता है।

a)पीतल b)कॉपर c)अमलगम d)स्टील

4. चावल के पानी में कुछ बूंदे किस विलयन की डालने पर विलयन का रंग नीला काला हो जाता है।

a)सोडियम b)आयोडीन c)कार्बन d)आक्सीजन

5. गर्भाशय तथा भ्रूण के मध्य बनने वाली नली नुमा संरचना कहलाती है।

a)डिबवाहिनी b)शुक्रवाहिका c)वर्तिकाग्र d)प्लेसेन्टा

6. वाहनों में पीछे का दृश्य देखने के लिए किस दर्पण का उपयोग किया जाता है?

a)अवतलदर्पण b)उत्तलदर्पण c)समतलदर्पण d)उपरोक्तसभी

7.विभवान्तर मापन यंत्र है–

a)अमीटर b)वोल्टमीटर c)गैल्वनोमीटर d)लैक्टोमीटर

8. एक्वारेजिया (अम्लराज) में सांद्र हाइड्रोक्लोरिकअम्ल एवं सांद्र अम्ल का मिश्रण किस अनुपात मे होता है।

a) 3:1 b) 1:3 c) 2:2 d) 4:1

प्रश्नः2 रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिये- 1•7= 7

1.टमाटर में ...... अम्ल उपस्थित होता है।

2.मानव नेत्र में प्रकाश एक पतली झिल्ली से होकर प्रवेश करता है।जिसे कहते ...... है।

3.जो धातुएँ कठोर सतह से टकराने पर आवाज उत्पन्न करती है उन्हें ...... कहतेहै।

4.अण्डप का शीर्ष भाग ...... कहलाता है।

5.समतल दर्पण की फोकस दूरी ...... होती है।

6.घरेलू विद्युत परिपथ में सभी उपकरण ...... कम में संयोजित होते है।

7.मनुष्य की कोशिका में गुणसूत्र ...... जोड़े में पाये जाते है।

प्रश्नः3सही जोडी बनाईये– 1•8= 8

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ'व' |
|---|---|
| (1) बल्ब | (a) लिचेन |
| (2) इन्द्रधनुष | (b) आयोडीन |
| (3) लिटमस | (c) शुकणुउत्पाद |
| (4) स्फाईग्मोनोमीटर | (d) टंग्स्टन |
| (5) वृषण | (e) अनुवांशिकता |
| (6) उत्तललैंस | (f) वर्णविक्षेपण |
| (7) मेंडल | (g)बीच में मोटा तथा किनारों पर पतला |
| (8) थायरौक्सीन का संश्लेषण | (h) रक्तदाब |

प्रश्नः4 एक वाक्य मेंउत्तरदीजिए– 1•7= 7

(1) एक इलेक्ट्रान पर कितना आवेश होता है।

(2) पुनरूद् भवन का एक उदाहरण दीजिये।

(3) एक आपतित किरण समतल दर्पण $30^{\circ}$का आपतन कोण है तो परावर्तन कोण का मानक्याहोगा?

(4) विद्युत धारा के चुम्बकीय प्रभाव की खोज किसने की?

(5) पादप की वृद्धि को सदमन करने वाले हार्मोन का नाम लिखिए|

(6) मनुष्य में वमन तथा रक्तदाब का केन्द्रमस्तिष्क के किस भाग में होता है?

(7)जो पदार्थ सूक्ष्मजीवो द्वारा अपघटित होते है क्या कहलाता है?

https://www.mpboardonline.com

प्रश्न:5 पारितंत्र में कितने प्रकार के घटक होते है? नाम लिखिए| 2

अथवा

खाद्य श्रृंखला व खाद्य जाल में कोई दो अंतर लिखिए|

प्रश्न:6 दो कारक जो नई स्पीशीज के उद्भव में सहायक है नाम लिखिए| 2

अथवा

समजात को उदाहरण देकर लिखिए|

प्रश्न:7 प्रोपेनोन और ब्यूटेन की संरचना को चित्रित कीजिए। 2

अथवा

साबुन तथा अपमार्जक में कोई 2अंतर लिखिए|

प्रश्न:8 चुम्बकीय क्षेत्र उत्पन्न करने के दो तरीके लिखिए| 2

अथवा

फ्लेमिंग के दॉय हाथ का नियम लिखिए?

प्रश्न:9 चुम्बकीय क्षेत्र रेखाओं के कोई दो गुण लिखिए? 2

अथवा

फ्लेमिंग के बाये हाथ का नियम लिखिए?

प्रश्न:10 12V विभवान्तर के दो बिन्दुओं की बीच 4C आवेश को ले जाने में कितना कार्य किया जाता है। https://www.mpboardonline.com 2

अथवा

किसी चालक का प्रतिरोध करने वाले 2 कारकों के बारे में लिखिए|

प्रश्न:11 गोलीय दपर्ण किसे कहते है।गोलीय दर्पण के प्रकार लिखिए| 2

अथवा

वास्तविक प्रतिबिम्ब और आभासी प्रतिबिम्ब में कोई दो अंतर लिखिए|

प्रश्न:12 उस लेंस की फोकस दूरी ज्ञात कीजिए जिसकी क्षमता 20 Dहै यह

किस प्रकार का लैस है? 2

अथवा

प्रकाश के परावर्तन के दो नियम लिखिए।

प्रश्न:13 परागण एवं निषेचन में दो अंतर स्पष्ट कीजिये। 2

अथवा

निम्नलिखित के कार्य लिखिये–

अ)शुक्रशय ब)पुंकेसर स)अण्डाशय द)प्रोस्टेट ग्रंथि

प्रश्न:14जाइलम तथा फ्लोएम में में दो अंतर स्पष्ट कीजिये। 2

अथवा

https://www.mpboardonline.com

आलिन्द तथा निलय में दो अंतर स्पष्ट कीजिये।

प्रश्न:15 उभयधर्मी ऑक्साइड क्या होते है दो उभयधर्मी ऑक्साइडो का उदाहरण लिखिए | 2

अथवा

आयनिक योगिकों के 2 गुण लिखिए |

प्रश्न:16 श्वसन को उष्माक्षपी अभिक्रिया क्यों कहते है। 2

अथवा

अवक्षेपण अभिकिया से आप क्या समझते है?

प्रश्न:17 निम्न कथनों को रासायनिक समीकरण के रूप में परिवर्तन कर उन्हें संतुलित कीजिए। 3

अ)नाइट्रोजन हाइड्रोजन गैस से संयोग करके अमोनिया बनाता है।

ब)हाइड्रोजन सल्फाइड गैस का वायु में दहन होने से जल एवं सल्फर आक्साइड बनता है।

स)पोटेशियम धातु जल के साथ अभिकिया करके पोटेशियम हाइड्राइड एवं हाइड्रोजन गैस देती है।

अथवा

विकृतिगधिता किसे कहते है? खाद्य पदार्थों को इससे बचाने हेतु कौन सी प्रक्रिया अपनाई जाती है।

प्रश्न:18 दृष्टि के तीन सामान्य दोषों का वर्णन कीजिए। 3

अथवा

मानव नेत्र का के किन्ही भागों के कार्य लिखिए|

प्रश्न:19 किन्हीं तीन पादप हार्मोन का नाम लिखिए व उनके कार्यो का उल्लेख कीजिए। 3

अथवा

प्रतिवर्ती चाप के बारे में लिखिए।

प्रश्न:20 निम्नलिखित अभिकियाओं को उदाहरण सहित समझाइए ? 4

1)हाइड्रोजनीकरण अभिकिया 2)आक्सीकरण अभिकिया

3)प्रतिस्थापन अभिकिया 4)साबुनीकरण अभिकिया

अथवा

एथेनाल एवं एथेनॉइक अम्ल में कोई चार अंतर लिखिए|

प्रश्न:21 निम्नलिखित में पाये जाने वाले अम्ल का नाम लिखिए? 4

अ)सिरका ब)संतरा स)इमली द)टमाटर

अथवा

प्लास्टर ऑफ पेरिस के चार उपयोग लिखिए|

प्रश्न:22 वृक्काणु की रचना का चित्र सहित वर्णन कीजिये। 4

अथवा

उत्सर्जी उत्पाद से छुटकारा पाने के लिए पादप किन विधियों का उपयोग करते है?

https://www.mpboardonline.com